तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 22. 0 डिग्री

हरिभूमि

जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 14 अक्टूबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

4

धूमधाम से निकली अग्रसेन महाराज की शोभायात्रा, मार्ग में जगह जगह हुआ स्वागत



ओपन परीक्षा में 10वीं,12वीं पास छात्र-छात्राओं के लिए रोजगारमुखी प्रशिक्षण फायर सेफ्टी के द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क करें: मो. 7697212782

Advt.

हरिभूमि सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
14 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
8

खबर संक्षेप

पीएम अन्नदाता आय संरक्षण योजना, 31 तक आवेदन

जांजगीर-चांपा। प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण योजना के अंतर्गत जिले में खरीफ फसल हेतु मूंग, उड़द, मूंगफली, अरहर एवं सोयाबीन फसल की खरीदी की जानी है। खरीदी के लिए खरीफ वर्ष 2026 में 4 समितियां सेवा सहकारी समिति बम्हनीडीह, अकलतरा, जांजगीर और पामगढ़ अधिसूचित है। योजना का लाभ लेने के लिए एकीकृत किसान पोर्टल पर 1 जुलाई से 31 अक्टूबर तक अधिसूचित फसल लगाने वाले समस्त कृषकों का पंजीयन रकबा संशोधन कराया जाना जरूरी है। 31 अक्टूबर तक सभी किसान पोर्टल पर पंजीयन करा इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

राइस मिल के डामर प्लांट से केबल वायर चोरी, दो आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा। ग्राम बनाहिल स्थित लड्डू गोपाल राइस मिल के डामर प्लांट कार्यालय में चोरी के मामले में मुलमुला पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 10 अगस्त की रात करीब 12:30 बजे राइस मिल के चौकीदार भूपेन्द्र साहू ने प्रार्थी मुकेश केड़िया को फोन कर सूचना दी कि कुछ लोग डामर प्लांट के कार्यालय में चोरी करने के लिए घुसे हैं। मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने वीरू केवट एवं शिवा कुमार केवट निवासी बनाहिल को पकड़ा। पूछताछ में दोनों ने अपने अन्य साथियों के साथ चोरी की घटना में शामिल होना स्वीकार किए जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्यवाही में मुलमुला थाना प्रभारी सहित स्टाफ का योगदान रहा।

घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोरों ने किया पार

डभरा। नगर पंचायत डभरा में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं से लोगों की चिंता बढ़ती जा रही है। मामला डभरा के वार्ड क्रमांक 6 में रहने वाले एक व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई। घटना के बाद पीड़ित ने थाना डभरा में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ओम प्रकाश शिदार ने 6 अक्टूबर की रात लगभग 8:30 बजे अपनी हरे रंग की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल सीजी 11 एमबी 5023 घर के बाहर खड़ी की थी। इसके बाद वे अपने घर के अंदर चले गए। कुछ देर बाद जब वे बाहर आए, तो मौके से मोटरसाइकिल गायब मिली। उन्होंने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन मोटरसाइकिल का कोई सुराग नहीं मिला।आखिरकार, पीड़ित ने इस घटना की सूचना थाना डभरा में दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर पंचायत डभरा में मोटरसाइकिल चोरी की यह पहली घटना नहीं है। लगभग एक महीने पहले भी नगर की बस्ती में एक घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी होने की घटना सामने आई थी।

डिजीटल क्रॉप सर्वे अपलोड समेत सभी कार्य बंद

पीवी एप का विरोध, पटवारियों ने ठप किया कामकाज, बेमियादी हड़ताल शुरू



बेमियादी हडताल पर बैठे राजस्व पटवारी संघ के पदाधिकारी



बंद रहा पटवारी कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

डिजीटल क्रॉप सर्वे को लेकर भौतिक सत्यापन करने पीवी एप में जानकारी अपलोड करने में हो रही व्यवहारिक दिक्कतों का निराकरण नहीं होने से क्षुब्ध पटवारियों ने आखिरकार अपने हाथ खड़े कर दिए है। अपनी मांगों को लेकर पटवारियों ने बेमियादी हड़ताल शुरू कर दी है। ऐसे में हल्का पटवारी कार्यालय में ताला लगने के साथ डीसीएस समेत पटवारी संबंधी समस्त कामकाज ठप हो गए है।

गौरतलब है कि शासन द्वारा इस बार डिजीटल क्रॉप सर्वे को लेकर इन दिनों छूटे हुए खसरा नंबरों का भौतिक सत्यापन करने पीवी एप में जानकारी अपलोड करने का नियम बनाया गया है। इस ऐप में जानकारी अपलोड करने के लिए पटवारियों को फसल लगी हुई खेतों के बीच में जाकर उसे अपलोड करना होता है। ऐसे में हो रही व्यवहारिक दिक्कतों को लेकर राजस्व पटवारी संघ द्वारा पीवी एप का बहिष्कार किया जा रहा था। इस बारे में उच्चाधिकारियों के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर शासन से इस दिशा में उचित पहल करने की मांग की गई थी, लेकिन शासन स्तर से पहल नहीं होने के साथ पीवी एप में जानकारी अपलोड नहीं करने वालों पर सख्ती के साथ कार्रवाई शुरू कर दी गई। ऐसी स्थिति में पटवारियों ने सोमवार 12 अक्टूबर को ज्ञापन सौंपकर उचित पहल करने की मांग की थी। वहीं पहल नहीं होने पर मंगलवार 13 अक्टूबर से कामकाज ठप करके अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी भी दी थी। इसी के तहत मंगलवार 13 अक्टूबर को जिले भर के पटवारियों ने अपना कामकाज ठप कर दिया। पटवारियों के दफ्तर में ताले नहीं खुले। बेमियादी हडताल करने वाले पटवारी जिला मुख्यालय जांजगीर स्थित कर्मचारी भवन में इकट्ठा हुए, यहां उन्होंने शासन की कार्रवाई की निंदा की। पटवारियों का कहना है कि जब तक इस ऐप में सुधार नहीं होगा और होने वाली व्यवहारिक समस्याओं का समाधान नहीं होगा, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। इधर पटवारियों के बेमियादी हडताल में जाने से पीवी ऐप सत्यापन के साथ एग्रीस्टेक पंजीयन, आय, जाति निवास सहित पटवारी संबंधी सभी कार्य ठप हो गए। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

शुरू हुआ आंदोलन

पीवी ऐप में आ रही व्यवहारिक दिक्कतों को लेकर राजस्व पटवारी संघ के कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हडताल प्रारंभ कर दिया। मांग पूरी नहीं करने की स्थिति में आंदोलन जारी रहेगा।

-धर्मेन्द्र यादव
अध्यक्ष
राजस्व पटवारी संघ जांजगीर चांपा

हथियारों के साथ घूम रहे 4 संदिग्ध गिरफ्तार

कार से चाकू और लोहे की रॉड को किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

चांपा में पुलिस ने हथियारों के साथ घूम रहे चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो धारदार चाकू, लोहे की रॉड और बड़ा पेचकस समेत अन्य सामान बरामद किया है। संदिग्ध एक ब्रेजा कार में सवार थे। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नवरात्रि पर्व के दौरान कानून व सुरक्षा -व्यवस्था ड्यूटी बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा लगातार पेट्रोलिंग व रात्रि गस्त करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसी कड़ी में थाना चांपा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चांपा के बरपाली चौक के पास घेराबंदी कर एक ब्रेजा कार क्रमांक सीजी 04 एनएच 7770 के साथ चार संदिग्धों को पकड़ा। सूचना के अनुसार, संदिग्ध हथियार दिखाकर आने - जाने वाले लोगों को भयभीत कर रहे थे। थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश शेण्डे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से दो बड़े धारदार चाकू, कार के अंदर छिपाकर रखी लोहे की रॉड, बड़ा पेचकस, जूट का बोरा एवं तार बरामद कर जब्त किया गया है। पुलिस ने लिहास अली, पिता सत्तार अली, मुकेश यादव, पिता विश्राम यादव, शबान, पिता अब्दुल रहमान, साबीर खान, पिता मनसूद खान के विरुद्ध विभिन्न थानों में पूर्व से चोरी एवं नकबजनी सहित अन्य अपराध दर्ज होने की जानकारी मिली है। मामले में थाना चांपा में भारतीय न्याय संहिता एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी चांपा निरीक्षक कमलेश शेण्डे, वैभव साहू, बलवंत धृतलहरे, बीपी खाण्डेकर, अमृत सलुजा, सुनील सिंह, संतोष यादव, गौरीशंकर राय नीतीश विश्वकर्मा, श्याम राठौर, संजय केवंट, सुशांत राठौर का योगदान रहा।



जब्त कार के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

साढ़े छः करोड़ खर्च फिर भी भीमा तालाब बदहाल, जनाक्रोश रैली निकलेगी आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



शहर की ऐतिहासिक पहचान और आस्था का केंद्र माना जाने वाला भीमा तालाब अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। शासन द्वारा साढ़े 6 करोड़ रुपए की लागत से सौंदर्यीकरण और संरक्षण कार्य कराए जाने के बाद भी तालाब की स्थिति सुधरने के बजाय और बिगड़ गई है।

तालाब के चारों ओर गंदगी का अंबार, पानी में तैरता कचरा, गोबर, प्लास्टिक और तेज दुर्गंध ने आसपास के रहवासियों का जीना मुहाल कर दिया है। नाराज लोग अब लामबंद होने लगे हैं। बुधवार 14 अक्टूबर को जनाक्रोश रैली निकाली जाएगी।स्थानीय लोगों का कहना है कि शाम के बाद तो तालाब के पास से गुजरना भी मुश्किल हो जाता है। नगर पालिका द्वारा बीते दिनों सफाई के नाम पर खानापूर्ति की गई थी। तालाब में ब्लीचिंग पाउडर और पोटाश का छिड़काव कराया गया, लेकिन दो दिन में ही सारी सफाई धरी की धरी रह गई। तालाब में गिरने वाले नालों को बंद नहीं किया गया है, जिसके कारण रोज गंदा पानी तालाब में जा रहा है। तालाब की इस दुर्दशा को लेकर अब शहरवासियों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बुधवार 14 अक्टूबर को सुबह 10 बजे भीमा तालाब से कलेक्ट्रेट तक विशाल जनाक्रोश रैली निकाली जाएगी। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचेगी। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर भीमा तालाब को गंदे नालों से मुक्त करने, तालाब की सफाई और मशीन से जलकुंभी निकालने, सौंदर्यीकरण कार्य में हुई अनियमितताओं की जांच और तालाब को संरक्षित धरोहर घोषित करने की मांग की जाएगी।

रिहायशी इलाके में अवैध पटाखे का मिला जखीरा, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा। जिले में अवैध पटाखों के भंडारण और बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बलौदा पुलिस ने ग्राम बैजलपुर स्थित महामाया क्रेशर के खाली मकान में छापेमारी कर करीब 8 लाख 56 हजार रुपये कीमत के पटाखे जब्त किए हैं। पुलिस के मुताबिक, अलग-अलग कार्टूनों में रखे लगभग 176 किलोग्राम विभिन्न प्रकार के पटाखे बरामद किए गए हैं। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 12 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम बैजलपुर स्थित महामाया क्रेशर के खाली मकान में रिहायशी इलाके के भीतर पटाखों का अवैध रूप से भंडारण कर बिक्री की जा रही है। तलाशी के दौरान मकान में अलग-अलग कार्टूनों में विभिन्न प्रकार के पटाखे रखे मिले।पुलिस ने मौके से पटाखों को विधिवत जब्त कर लिया। जब्त पटाखों की अनुमानित कीमत 8 लाख 56 हजार रुपये बताई गई है। मामले में आरोपी दीपक कुमार अग्रवाल, निवासी वार्ड क्रमांक 4 नैला को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

सड़क की जमीन पर निर्माण को लेकर गहराया विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

हसौद में सोन नदी के किनारे मुख्य मार्ग पर कराए जा रहे भवन निर्माण को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। ग्रामीणों ने सड़क की जमीन पर नियमों के विपरीत निर्माण किए जाने का आरोप लगाया है। इधर राजस्व विभाग के अधिकारियों का कहना है कि निर्माण निजी भूमि पर कराया जा रहा है।

हसौद के बड़े पुल और छोटे पुल के बीच स्थित भूमि पर भवन निर्माण को लेकर पीडब्ल्यूडी के सब इंजीनियर और ग्रामीणों ने आपत्ति दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर तहसीलदार ने 31 अगस्त को स्थगन आदेश जारी कर निर्माण कार्य पर रोक लगाई थी। इसके बाद राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर भूमि का सीमांकन किया और खसरे के विभिन्न हिस्सों को चिह्नित किया। सीमांकन के बाद संबंधित व्यक्ति को छोटे पुल के पास सड़क की चौड़ाई के मध्य से 33 फीट तथा बड़े पुल के पास सड़क की चौड़ाई के मध्य से 40 फीट की दूरी पर मकान बनाने के निर्देश दिए गए थे। सीमांकन रिपोर्ट के आधार पर सुनवाई के बाद तहसीलदार ने पहले जारी स्थगन आदेश को हटा दिया था। हालांकि ग्रामीणों का आरोप है कि निर्धारित निर्देशों का पालन किए बिना सड़क की जमीन को काटकर भवन निर्माण जारी रखा गया है। विवाद दोबारा बढ़ने पर पीडब्ल्यूडी के सब इंजीनियर ने तहसीलदार से शिकायत की। इसके बाद तहसीलदार ने पुनः स्थगन आदेश जारी कर भवन निर्माण पर रोक लगाई। इसके बाद भी निर्माण बंद नहीं होने की शिकायत के बाद तहसीलदार ने हसौद पुलिस को पत्र लिखकर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। इसके बाद हसौद थाना प्रभारी जयराम साहू पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे, इसके पहले ही निर्माण कार्य बंद कर दिया गया था। मामले में भवन निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने आपत्ति जताई है।

लगाया है स्थगन

निर्माण कार्य पर स्थगन लगाया गया है। स्थगन उल्लंघन की शिकायत पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के लिए थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है।

-गरिमा मनहर,
तहसीलदार, हसौद

व्यवस्था सुधार नहीं होने पर चक्काजाम की दी चेतावनी

नगर के वार्डों में पेयजल आपूर्ति की समस्या, लोगों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



जल आपूर्ति के लिए लगाया गया बोर।

नगर के विभिन्न वार्डों में पेयजल आपूर्ति की समस्या दूर नहीं होने से नगरवासियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। तीन दिन पहले नगर पालिका में हुई बैठक में पुरानी समय-सारणी के अनुसार जलापूर्ति बहाल करने का निर्णय लिया गया था। इसके बावजूद व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं होने से लोगों ने अब आंदोलन की चेतावनी दी है। समस्या का समाधान नहीं होने पर शास्त्री चौक पर चक्काजाम करने की चेतावनी दी गई है।

जानकारी के अनुसार, पेयजल समस्या को लेकर आयोजित बैठक में पूर्व निर्धारित समय पर नल खोलने पर सहमति बनी थी। इस संबंध में एजेंडा तैयार कर निर्णय को स्वीकृति दी गई थी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने पंप ऑपरेटरों की बैठक लेकर उन्हें भी पुरानी समय-सारणी के अनुसार जलापूर्ति करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद सोमवार को निर्धारित पुराने समय पर नल भी चलाए गए, लेकिन फिर जलापूर्ति व्यवस्था में समस्या सामने आने लगी।ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब बैठक में निर्णय लिया गया, उसे स्वीकृति मिली और कर्मचारियों को निर्देश भी दिए गए। इस संबंध में जानकारी मिली है कि तीन दिन पूर्व नगर पालिका में पार्षदों की बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें सर्वसम्मति से पुरानी समय-सारणी के अनुसार जलापूर्ति करने का निर्णय लिया गया था। इसके बाद दो दिनों तक पुराने समय पर जलापूर्ति भी की गई, लेकिन अचानक फिर से पुरानी समय-सारणी के अनुसार पानी देना बंद कर दिया गया। पेयजल जैसी महत्वपूर्ण और आवश्यक सुविधा निर्धारित समय पर उपलब्ध नहीं होने से नगरवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं इस संबंध में वार्ड क्रमांक 7 की पार्षद श्रीमती माधुरी देवी पालीवाल का कहना है कि जल आपूर्ति व्यवस्था पूर्व निर्धारित समय सारिणी के अनुसार बहाल नहीं की गई तो 14 अक्टूबर को सुबह 10 बजे शास्त्री चौक पर नगरवासियों के साथ चक्काजाम किया जाएगा।

लिया जाएगा निर्णय

नगर के विभिन्न वार्डों में जलापूर्ति के समय को लेकर मतभिन्नता है। ऐसे में संभवतः कल पार्षदों एवं नगरवासियों की बैठक आयोजित कर जलापूर्ति का स्थायी समय निर्धारित करने के संबंध में निर्णय लिया जाएगा।

-संजय सिंह,
सीएमओ, नपा अकलतरा

शिवरीनारायण महोत्सव का सीएम आज करेंगे शुभारंभ

जांजगीर-चांपा। शिवरीनारायण धाम में नवरात्रि, दशहरा मेला के पर शिवरीनारायण स्थित मेला ग्राउंड में 14 से 16 अक्टूबर तक तीन दिवसीय शिवरीनारायण महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

महोत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में होगा। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, जिले के प्रभारी एवं वित्त मंत्री ओ पी चौधरी तथा श्रीमती कौशल्या विष्णुदेव साय अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। महोत्सव के शुभारंभ कार्यक्रम में सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, छग खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पाण्डेय, पामगढ़ विधायक श्रीमती शेषराज हरबंश, महंत रामसुंदर दास, प्रज्ञा भारती, पूर्व संसदीय सचिव अंबेश जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी, नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत, संतोष लहरे, पूर्व अध्यक्ष संजय अग्रवाल एवं लोकेश शुक्ला विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे।

खबर संक्षेप

स्नेह और संस्कारों के बीच मनाया ग्रैंडपेरेंट्स डे



जांजगीर-चांपा। हरिराम गट्टानी मेमोरियल जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल में ग्रैंडपेरेंट्स डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में दादा-दादी एवं नाना-नानी के प्रति प्रेम, सम्मान और पारिवारिक संस्कारों की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती गुरमीत कौर धनजल ने बुजुर्गों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि वे बच्चों के जीवन में संस्कार, अनुभव और निःस्वार्थ प्रेम के अनमोल स्रोत हैं। उन्होंने बच्चों को बुजुर्गों का सम्मान करने और उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।समारोह में बच्चों ने आकर्षक नृत्य एवं ग्रैंडपेरेंट्स एक्ट की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। वहीं, मनोरंजक खेलों में दादा-दादी एवं नाना-नानी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डिस्पोजल बॉल प्रतियोगिता में गायत्री देवी प्रथम, अनीता साहू द्वितीय और महेश प्रसाद राठौर तृतीय रहे। ब्लो द बैलून प्रतियोगिता में फूल साय धीवर ने प्रथम तथा चंद्रशेखर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अन्य खेल में श्याम बाई प्रथम और उषा धीवर द्वितीय रहीं।इस अवसर पर विद्यालय अध्यक्ष अशोक कुमार गट्टानी, संचालक अजय कुमार गट्टानी, प्राचार्या गुरमीत कौर धनजल, प्रबंध समिति की सदस्य गंगा गट्टानी एवं सुनीता गट्टानी सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं और अभिभावक उपस्थित रहे। समारोह ने बच्चों और बुजुर्गों के बीच स्नेह के रिश्ते को मजबूत करने के साथ पारिवारिक मूल्यों एवं संस्कारों के महत्व का संदेश दिया।

सनातन हिंदू एकता रथयात्रा में शामिल होने बागेश्वर धाम रवाना हुई मातृशक्ति



जांजगीर-चांपा। मातृशक्ति सुंदरकांड मंडल जांजगीर, छत्तीसगढ़ की सदस्याएं बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन हिंदू एकता रथयात्रा में शामिल होने के लिए शुक्रवार, 9 अक्टूबर को रवाना हुईं। यह रथयात्रा 11 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक आयोजित की जा रही है। सनातन संस्कृति, धार्मिक आस्था और हिंदू एकता के संदेश से जुड़ी इस रथयात्रा में शामिल होने के लिए जांजगीर की मातृशक्ति सुंदरकांड मंडल की सदस्याओं में विशेष उत्साह देखा गया। मंडल की सदस्याएं रथयात्रा में सहभागिता कर सनातन धर्म के प्रति अपनी आस्था और एकता के संकल्प को मजबूत करने के उद्देश्य से रवाना हुईं।रथयात्रा में शामिल होने के लिए मंदाकिनी मिश्रा, प्रीति राठौर, समृद्धि राठौर, स्वाति तिवारी, प्रसिद्धि तिवारी, श्लोक तिवारी, सरिता मिश्रा, बृहस्पति सोनी, लक्ष्मी सोनी, रमा शर्मा, शशि राठौर, सुनीता राठौर, सरोज शर्मा, गोदावरी मिश्रा, वनेश्वर मिश्रा, सुचिता मिश्रा, चंद्रकला शुक्ला, अजितेश शुक्ला, प्रमिला पांडेय, शशिकला तिवारी और पायल सिंह सहित मंडल की सदस्याएं रवाना हुईं।

निधन

शत्रुहन लाल राठौर

जांजगीर-चांपा। नगर पंचायत नरियरा के प्रतिष्ठित नागरिक, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं सरस्वती शिशु मंदिर नरियरा के संस्थापक शत्रुहन लाल राठौर का सोमवार 12 अक्टूबर को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में हुआ। अंतिम संस्कार में परिजन सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण शामिल हुए। वे कुमार राठौर सेवानिवृत्त सिंचाई विभाग एवं दयाराम राठौर पूर्व लोकपाल छ ग शासन के बड़े भाई थे। वे अपने पीछे एक पुत्र आयुष एवं चार पुत्रियां माधुरी,मंजू,ममता,नेहा छोड़ गए।






माया‌पुर मंदिर की तर्ज पर सजा मां दुर्गा का दरबार, आकर्षक लाइटिंग शो बना आकर्षण का केन्द्र

धर्म एवं अध्यात्म की नगरी शिवरीनारायण में शारदीय नवरात्र महोत्सव की धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण



धार्मिक नगरी में बना मायापुर मंदिर की तर्ज पर पंडाल।

धर्म एवं अध्यात्म की नगरी शिवरीनारायण में शारदीय नवरात्र महोत्सव की धूम शुरू हो गई है। महानदी के पावन तट पर विराजित भगवान श्री नर-नारायण एवं भगवान जगन्नाथ की पवित्र धरा पर श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना हुआ है। नगर के मेला ग्राउंड में मां दुर्गा का भव्य दरबार सजाया गया है, जो अपनी आकर्षक साज-सज्जा और भव्य पंडाल के कारण श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस वर्ष पंडाल को कोलकाता के मायापुर मंदिर की तर्ज पर तैयार किया गया है। भव्य सजावट के साथ रात में होने वाला विशेष लाइटिंग लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि पिछले चार वर्षों से प्रतिवर्ष अलग-अलग थीम पर मां दुर्गा का दरबार सजाया जा रहा है। पहले वर्ष महिष्मती पैलेस, दूसरे वर्ष प्रेम मंदिर, तीसरे वर्ष अक्षरधाम मंदिर और इस वर्ष मायापुर मंदिर की तर्ज पर पंडाल तैयार किया गया है। प्रत्येक वर्ष नई थीम के माध्यम से श्रद्धालुओं को आकर्षित करने और धार्मिक आयोजन को विशेष स्वरूप देने का प्रयास किया जा रहा है। इस बार भी पंडाल की भव्यता, आकर्षक साज-सज्जा और रोशनी की विशेष व्यवस्था लोगों का ध्यान खींच रही है। नवरात्र महोत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मां दुर्गा के दर्शन निःशुल्क रखे गए हैं। इसके साथ ही भोग-भंडारे और प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई है। धार्मिक आयोजन को लेकर नगरवासियों और आसपास के क्षेत्रों से पहुंचने वाले श्रद्धालुओं में उत्साह देखा जा रहा है। मां के दर्शन के साथ श्रद्धालु पंडाल की भव्यता और आकर्षक विद्युत सज्जा का आनंद ले रहे हैं। मायापुर मंदिर की तर्ज पर तैयार भव्य पंडाल ने शिवरीनारायण के नवरात्र महोत्सव को विशेष पहचान दी है। माता के दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने दुर्गा पूजा समिति के प्रयासों और आकर्षक सजावट की सराहना की। आने वाले दिनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।

मारवाड़ी अग्रवाल समाज ने मनाई महाराजा अग्रसेन जयंती,बाजे-गाजे के साथ निकली शोभायात्रा

शिवरीनारायण। नगर में अग्रवाल समाज द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती हर्षोल्लास एवं भक्तिमय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर समाज के लोगों ने बाजे-गाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली, जिसमें समाज के वरिष्ठजन, युवा, महिलाएं एवं युवतियां उत्साहपूर्वक शामिल हुए। शोभायात्रा का शुभारंभ नगर के प्राचीन अंजनी पुत्र मारवाड़ी हनुमान मंदिर से हुआ। सुसज्जित रथ में महाराजा अग्रसेन की छायाचित्र को विराजित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात भक्ति भाव एवं उत्साह के साथ शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए होटल राघव इन पहुंची। यहां आमंत्रित अतिथियों का आगमन हुआ, जिनका समाज के लोगों ने स्वागत एवं अभिनंदन किया। ज्ञात हो कि शिवरीनारायण नगर में अग्रवाल समाज द्वारा प्रतिवर्ष महाराजा अग्रसेन जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई जाती है। इस आयोजन के माध्यम से समाज के लोग एकजुट होकर महाराजा अग्रसेन के आदर्शों, सामाजिक समरसता, एकता एवं सेवा भावना को स्मरण करते हैं।पूरे आयोजन के दौरान समाज के लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

परिक्षेत्र स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में नवागढ़ और मालखरौदा का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



अतिथि के साथ उपस्थित विजेता खिलाड़ी।


पंडित हरिशंकर शिक्षा महाविद्यालय सरखो, जांजगीर के तत्वावधान में जिला हैंडबॉल संघ के मैदान में परिक्षेत्र स्तरीय महिला एवं पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया और अपने खेल कौशल व दमखम का प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता में टीसीएल महाविद्यालय, शासकीय डॉ. इंद्रजीत सिंह महाविद्यालय, वेदराम महाविद्यालय मालखरौदा, डभरा महाविद्यालय तथा जेएलएन महाविद्यालय नवागढ़ के खिलाड़ियों ने भाग लिया। महिला वर्ग के मुकाबलों में जेएलएन कॉलेज नवागढ़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब हासिल किया, जबकि मालखरौदा की टीम उपविजेता रही। वहीं, पुरुष वर्ग में वेदराम महाविद्यालय मालखरौदा की टीम विजेता बनी और डभरा महाविद्यालय की टीम को उपविजेता का स्थान मिला।कार्यक्रम में अतिथि के रूप में अमर सुल्तानिया, पंडित हरिशंकर शिक्षा महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. आरसी पांडेय, मनोज पांडेय, पार्षद अक्षय टेकाम, इंजीनियर नायक, डॉ. विश्वास विश्वकर्मा, डॉ. धनेश्वरी पटेल, नरेंद्र राठौर, अशोक साहू, गौरव कटवार, राम प्रताप सिंह, राजेश राठौर, वरुण पांडेय एवं रुक्मिणी सहित विभिन्न सेक्टरों के कोच और मैनेजर उपस्थित रहे।कार्यक्रम का मंच संचालन खेल अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार तिवारी ने किया। प्रतियोगिता के माध्यम से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा करने का अवसर मिला।

- महिला वर्ग में जेएलएन कॉलेज नवागढ़ विजेता, पुरुष वर्ग में वेदराम महाविद्यालय मालखरौदा ने मारी बाजी

बिर्रा क्षेत्र में जगह-जगह विराजी मां दुर्गा



संजय नगर दुर्गा समिति बिर्रा



डोंगिया पारा दुर्गा समिति बिर्रा




साहू मोहल्ला दुर्गा समिति बिर्रा।



दीवान मोहल्ला दुर्गा समिति बिर्रा




दाऊ मोहल्ला दुर्गा समिति बिर्रा



साहू पारा सेंद्री में विराजी दुर्गा माता




पुराना गुड़ी पारा घिवरा



जय मां दुर्गा सेवा समिति डोंगिया मुहल्ला बिर्रा




भांठापारा सिलादेही में विराजी मां दुर्गा।



गणपारा सिलादेही में स्थापित देवी।



बाजार चौक सिलादेही



पुराना बाजार पारा सिलादेही

चांटीपाली स्कूल में मतदाता जागरूकता अभियान विद्यार्थियों को दी निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला चांटीपाली में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब एवं स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों सहित विद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और शाला विकास समिति के पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, आवश्यक संशोधन कराने तथा निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य एवं ईएलसी जिला मास्टर ट्रेनर विजय पांडेय ने विद्यार्थियों को निर्वाचन संबंधी विभिन्न प्रपत्रों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रपत्र-6 के माध्यम से मतदाता सूची में नया नाम जुड़वाया जा सकता है, प्रपत्र-7 का उपयोग नाम विलोपन अथवा आपत्ति दर्ज कराने के लिए किया जाता है, जबकि प्रपत्र-8 के जरिए मतदाता परिचय पत्र में संशोधन और पते में परिवर्तन कराया जा सकता है।उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि वे स्वयं तथा अपने परिवार के सदस्यों के निर्वाचन संबंधी कार्यों के लिए वोटर हेल्पलाइन ऐप और ऑनलाइन पोर्टल का उपयोग कर सकते हैं। इससे घर बैठे ही कई आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी की जा सकती हैं। उन्होंने मतदान के महत्व, मतदाताओं के अधिकारों तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में प्रत्येक नागरिक की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में चुनावी जागरूकता बढ़ाना, लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समझ विकसित करना तथा उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में ईएलसी नोडल अधिकारी एस. तिरकी, व्याख्याता बालक राम यादव, सुखसागर कंवर, योगेश चन्द्रा, टेक चंद सिदार, की सहभागिता रही। इसके अलावा शाला विकास समिति के अध्यक्ष रोशन साहू, बुद्धेश्वर साहू, उपाध्यक्ष जानकी शरण साहू, भागी राठी साहू, सरपंच प्रतिनिधि गोपाल साहू, उपसरपंच कौशल साहू, रेवती देवेंद्र साहू, औसत साहू और केदार साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

- वोटर हेल्पलाइन ऐप से घर बैठे कर सकेंगे निर्वाचन संबंधी कार्य, लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति किया जागरूक

दस दिवसीय आत्मरक्षा, कराते एवं दंड चालन प्रशिक्षण शिविर शुरू

अकलतरा। महिलाओं, युवतियों और बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन एवं आत्मरक्षा की क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से मातृऋण सेवा संस्थान यूथ इंडिया क्लब अकलतरा द्वारा दस दिवसीय आत्मरक्षा, कराते एवं दंड चालन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। 10 से 19 अक्टूबर तक आयोजित यह शिविर भगत सिंह पब्लिक स्कूल द्वारा संचालित ब्रेनी बियर प्री-स्कूल एंड एक्टिविटी क्लब अकलतरा में आयोजित किया जा रहा है। शिविर में नगर की महिलाओं, बच्चों, बालक-बालिकाओं एवं युवतियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन नगर पालिका परिषद अकलतरा की अध्यक्ष श्रीमती दीप्ति सारथी के मुख्य आतिथ्य एवं वेलविशर फाउंडेशन अकलतरा की कोषाध्यक्ष श्रीमती रंजना सिंह की अध्यक्षता में हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में भगत सिंह पब्लिक स्कूल द्वारा संचालित प्री-स्कूल एंड एक्टिविटी क्लब के डायरेक्टर श्रीपाल सिंह बैस, वार्ड क्रमांक 11 की पार्षद श्रीमती शेख सितारा टंडन, वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद पुरुषोत्तम नामदेव, युवा समाजसेवी अविनाश साहू एवं दीपक साहू, वेलविशर फाउंडेशन के सचिव चिराग शर्मा, संस्था के संरक्षक अनुराग प्रेम सोनी तथा वरिष्ठ सीए राहुल दोशी उपस्थित रहे। संस्था के अध्यक्ष मन्नू थवाईत ने स्वागत उद्बोधन दिया, जबकि कार्यक्रम का संचालन संस्था के सचिव दुलेचंद साहू ने किया। शिविर में आत्मरक्षा एवं कराते का प्रशिक्षण ब्लैक बेल्ट चतुर्थ डान मास्टर विशाल पाटले, ब्लैक बेल्ट प्रथम डान मास्टर चंदराम बरेठ तथा प्रशिक्षक एवं स्वयंसेवक पार्थदेव चौधरी द्वारा दिया जा रहा है। उद्घाटन अवसर पर प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को आत्मरक्षा, कराते एवं दंड चालन की बुनियादी जानकारी दी तथा प्रशिक्षण की प्रारंभिक प्रक्रिया से अवगत कराया। कार्यक्रम में संस्था के उपाध्यक्ष राजा पाण्डेय, कोषाध्यक्ष दुर्गेश राठौर, सह-सचिव सोमदेव पाण्डेय सहित संस्था के पदाधिकारी, सदस्य, बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थी छात्र-छात्राएं एवं नगरवासी उपस्थित रहे।



अग्रसेन जयंती पर स्टेशन रोड से निकली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



पूजा अर्चना करते अतिथि।

महाराजा अग्रसेन जयंती महामहोत्सव के अवसर पर सक्ती नगर में अग्रवाल समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में अग्र बंधुओं, महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों सहित नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महाराजा अग्रसेन के जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा। आतिशबाजी, आकर्षक झांकियों और ओडिशा बाजे की धुन के बीच निकली शोभायात्रा ने नगर में उत्सव का माहौल बना दिया।

आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी पवन अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सुनील केडिया बिलासपुर ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में डॉ. अंकित पालीवाल, डॉ. अंकिता बंसल,गोयल, एवं संजय छापरिया सहित अन्य गणमान्यजन शामिल हुए। सभी अतिथियों ने शोभायात्रा में अग्र समाज के साथ-साथ नगरवासियों का अभिवादन स्वीकार किया और आयोजन की भव्यता का आनंद लिया। महाराजा अग्रसेन जयंती महामहोत्सव के इस भव्य अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेवी पवन अग्रवाल ने सक्ती में अग्रसेन कन्या भवन के निर्माण के लिए 3.25 एकड़ जमीन दान देने की घोषणा कर समाज को महत्वपूर्ण सौगात देने की पहल की। उन्होंने कहा कि जल्द ही एक ट्रस्ट का गठन कर भवन निर्माण की आगे की रूपरेखा तैयार की जाएगी तथा योजनाबद्ध तरीके से इस कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा। पवन अग्रवाल ने कहा कि उनका सपना है कि सक्ती में महानगरों की तर्ज पर भव्य अग्रसेन कन्या भवन का निर्माण हो, जिसे देखने दूर-दूर से लोग आएं। यह कार्य समाज के सभी लोगों के सहयोग और मार्गदर्शन से ही पूरा हो सकता है। उन्होंने सक्ती नगरवासियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि वे अपने सक्ती के लोगों के लिए हर समय खड़े हैं। उनकी इस घोषणा से उपस्थित समाजजनों में हर्ष का माहौल देखने को मिला। स्टेशन रोड से प्रारंभ हुई शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए अग्रसेन चौक पहुंची। यहां महाराजा अग्रसेन की भव्य महाआरती की गई। आकर्षक आतिशबाजी से आसमान रोशनी से जगमगा उठा।

ओडिशा बाजे और आकर्षक झांकियों ने मोहा मन-शोभायात्रा में शामिल आकर्षक झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। वहीं, ओडिशा बाजे की गूंजती धुन पर अग्र बंधु उत्साह के साथ झूमते नजर आए। महिलाएं, युवा और बच्चे भी पूरे उत्साह के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए। नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरती शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

सर्व समाज ने किया स्वागत-शोभायात्रा के दौरान सक्ती नगर की सामाजिक एकता और आपसी सद्भाव की सुंदर झलक देखने को मिली। ब्रह्माण्ड समाज, मुस्लिम समाज, पूज्य सिंधी समाज, साहू समाज सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों और अग्र बंधुओं ने जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत एवं अभिनंदन किया। विभिन्न स्थानों पर जलपान की व्यवस्था कर अतिथियों और समाजजनों का आत्मीय स्वागत किया गया। सर्व समाज की सहभागिता ने सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश दिया। महाराजा अग्रसेन जयंती महामहोत्सव के अंतर्गत पखवाड़े भर से विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा था। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल के मार्गदर्शन तथा अग्रसेन जयंती महामहोत्सव समिति के अध्यक्ष विकास अग्रवाल एवं उनकी टीम के प्रयासों से आयोजन को भव्य स्वरूप मिला। समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन कन्हैया गोयल ने किया।

न्यायालय - व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी मालखरौदा
जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग.
प्रोसेस क्रं 656 न्यायालय/2026
दिनांक 21/08/26

विषयः -इस न्यायालय मे लंबित प्रकरण क्रमांक 02 अ/2026 पक्षकार तिलक राम विरूद्ध बेदराम वगैरह मे प्रतिवादी / अनावेदक क्रं 1. बेदराम पिता नत्थूराम, क्रं 2 पदुम कुमार पिता बेदराम एवं क्रं 3 भगवति बाई पति राजकुमार की उपस्थिति हेतु पेपर प्रकाशन
करने बाबत ।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि इस न्यायालय में लंबित प्रकरण क्रमांक 02 अ/2026 पक्षकार तिलक राम विरूद्ध बेदराम वगैरह में पेशी दिनांक 18/11/2026 प्रतिवादी / अनावेदक क्र 1. बेदराम पिता नत्थूराम, क्रं 2 पदुम कुमार पिता बेदराम एवं क्रं 3 भगवति बाई पति राजकुमार की उपस्थिति हेतु पेपर प्रकाशन करने बाबत हमदस्त/ज्ञापन/नोटिस आपकी ओर प्रेषित की जा रही है।
स्थान-मालखरौदा
दिनांक 21/8/26
पेशी तारीख- 18/11/26

कु. साक्षी ध्रुव
व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ श्रेणी, मालखरौदा
जिलाः जांजगीर-चांपा (छ.ग.)



सूर्या का मोशन पोस्टर जारी आक्रामक अंदाज में दिखे सनी

मुंबई। बॉलीवुड स्टार सनी देओल अपनी अपकमिंग फिल्म 'सूर्याः अंत से आरंभ तक' में एक नए अवतार से दर्शकों को चौंकाने के लिए तैयार हैं। अभिनेता ने सोमवार को फिल्म का मोशन पोस्टर जारी करके इसकी आधिकारिक घोषणा की। फर्स्ट लुक पोस्टर में वह काफी गंभीर और आक्रामक अंदाज में नजर आ रहे हैं। मोशन पोस्टर में देखा जा सकता है कि सनी देओल उम्रदराज लग रहे हैं। उनकी दाढ़ी आधी पकी है और आधी काली है। वह सिगरेट पी रहे हैं और उनका लुक आक्रामक है। उन्होंने टी-शर्ट पहनी है। पोस्टर शेयर करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा 'अतीत और वर्तमान के बीच उलझा हुआ, वह सच का पता लगाता है! पेश है 'सूर्याः अंत से आरंभ तक'!

लाइफ Style

श्रेया

सीरीज 'सहर होने को है' से कमबैक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पर्दे पर किरदार निभाने वाले कलाकारों को कई बार ऐसे चैलेंज मिलते हैं जो सालों इंडस्ट्री में काम करने के बावजूद अलग और चुनौतीपूर्ण लगते हैं। खासकर अगर वह किरदार ग्रे या नेगेटिव हो तो। कुछ ऐसा ही है गुजराती सिनेमा में काम करने वाली एक्ट्रेस श्रेया दवे का हाल।

'बरसातें: मौसम प्यार का' के बाद दो साल तक वर्टिकल ड्रामा और गुजराती सिनेमा में काम करने के बाद, श्रेया दवे छोटे पर्दे पर लौट आई हैं। अभी वह 'सहर होने को है' में पार्थ समथान के किरदार की सौतेली बहन जीनत का रोल निभा रही हैं। एक्ट्रेस इस बात को लेकर एक्साइटेड हैं कि उनका किरदार कहानी में क्या-क्या मोड़ लाएगा। श्रेया कहती हैं, 'एक एक्टर के तौर पर जीनत का किरदार मेरे लिए इसलिए खास और रोमांचक है क्योंकि वह कहानी में कुछ बहुत ही बदलता है। उसका सफर काफी उतार-चढ़ाव भरा होगा, जिससे मुझे अलग-अलग शेड्स और कई तरह की भावनाएं दिखाने का मौका मिलेगा। श्रेया ने कहा, 'मेरे लिए यही बात इस रोल को इतना खास बनाती है। जीनत मुझे एक एक्टर के तौर पर बिल्कुल अलग दायरे में ले जा रही है, जिससे मुझे ऐसी भावनाएं दिखाने का मौका मिल रहा है जो मैंने पहले कभी नहीं दिखाईं। यह नया, चैलेंजिंग और बेहद रोमांचक है और मुझे इस किरदार को समझने में बहुत मजा आ रहा है। मैं उसे पॉजिटिव या नेगेटिव का लेबल लगाकर किसी एक दायरे में नहीं बांधना चाहती। इसलिए, मैं यही कहूंगी कि जीनत को इतनी जल्दी जज न करें'।



हॉलीवुड मसाला



गॉडजिला माइनस... का ट्रेलर रिलीज

लॉस एंजिल्स। गॉडजिला माइनस जीरो के लेटेस्ट ट्रेलर से कनफर्म होता है कि पिछली फिल्म में गॉडजिला पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ था। इसमें नए 'काइजू' (मॉन्स्टर) को खत्म करने के ऑपरेशन की झलक भी मिलती है और नए व पुराने किरदारों से इंट्रोड्यूस कराया जाता है। ट्रेलर की रिपोर्ट के मुताबिक टोहो ने कन्फर्म किया है कि फिल्म में किंग गिडोरा दूसरा मॉन्स्टर होगा। फेस्टिवल प्रीमियर की कवरेज में गॉडजिला और गिडोरा के बीच कई भयानक और खूनी लड़ाइयों का जिक्र है, जो जमीन और आसमान में और भी तेज हो जाती हैं।



पूर्व पत्नी की शादी में 'स्पाइडर मैन' अभिनेता बने पादरी

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड की जानी-मानी ज्वेलरी डिजाइनर जेनिफर मेयर और बिजनेसमैन ज्योफ ओगुन्सलेसी की शादी इन दिनों चर्चा में बनी हुई है। इस शादी में सबसे खास बात यह रही कि जेनिफर के एक्स-हसबैंड और 'स्पाइडर-मैन' अभिनेता टोबी मैग्वायर ने ही शादी की रस्में कराईं। पेज सिक्स की रिपोर्ट के मुताबिक, जेनिफर मेयर और उनके मंगेतर ज्योफ ओगुन्सलेसी ने पिछले वीकेंड हवाई के फोर सीजन्स रिजॉर्ट लानाई में आउटडोर सेरेमनी में शादी की। खास बात यह है कि यह शादी जेनिफर और टोबी के तलाक के कुछ ही हफ्तों बाद में ही हो गई। 49 साल की जेनिफर ने शादी में स्ट्रैपलेस गाउन पहना था। वहीं, ज्योफ ब्लैक सूट और बो टाई पहने हुए नजर आए। शादी की तस्वीरों में टोबी मैग्वायर फॉर्मल कपड़ों में पादरी बनकर सेरेमनी कराते दिखाई दिए। इस दौरान न्यूली वेड कपल ने फूलों से सजे मंडप के नीचे एक-दूसरे को किस भी किया।



नखरेवाली में दिखेगी रोमांटिक कॉमेडी

मुंबई। 'तेरे इश्क में' और 'तनु वेड्स मनु रिटर्न्स' जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके बॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक आनंद एल राय की नई फिल्म 'नखरेवाली' की रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। खास बात यह है कि इस बार फिल्म को राहुल शंकल्या ने डायरेक्ट किया है। वहीं, जियो स्टूडियोज, आनंद एल. राय और हिमांशु शर्मा फिल्म के निर्माता हैं। जबकि इसकी कहानी दिव्य निधि शर्मा ने लिखी है। रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'नखरेवाली' 30 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म प्यार, रिश्तों और महिला-पुरुष की भूमिकाओं को एक नए अंदाज में पेश करने का वादा करती है। फिल्म के पोस्टर पर एक टैगलाइन लिखी है, 'कभी-कभी प्यार में मजनू को भी लैला बनना पड़ता है', जो रिश्तों के पारंपरिक तौर-तरीकों में एक मजेदार बदलाव की तरफ इशारा करती है।



अर्जुन नागा की शूटिंग में व्यस्त रामपाल

मुंबई। अभिनेता अर्जुन रामपाल इन दिनों अपनी फिल्म 'अर्जुन नागा' की शूटिंग में व्यस्त हैं। एक्टर ने फिल्म की बीटीएस तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं। इसके साथ निर्देशक अनिल शर्मा ने भी इस भी फिल्म से जुड़ा पोस्ट साझा किया। अर्जुन रामपाल ने सोमवार को अपनी आगामी फिल्म 'अर्जुन नागा' के सेट से एक तस्वीर साझा की। इतना ही नहीं उन्होंने इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'पहले दिन की शूटिंग शुरू हो रही है, अनिल शर्मा के निर्देशन में। अर्जुन नागा के लिए हमें अपना आशीर्वाद दें। हम दोनों में उत्कर्ष शर्मा भी हैं। यह एक शानदार सफर होने वाला है।' फिल्म के निर्देशक अनिल शर्मा ने भी फिल्म 'अर्जुन नागा' के बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। उन्होंने फिल्म की शूटिंग का एक वीडियो पोस्ट किया।

टीवी मसाला

छह साल बाद अभिनय की दुनिया में लौटने को तैयार

नई दिल्ली। अभिनेत्री बिपाशा बसु लंबे अंतराल के बाद एक बार फिर एक्टिंग का जादू बिखेरती नजर आएंगी। उनके हाथ एक वेब सीरीज लगी है। इसकी शूटिंग शुरू हो गई है। बिपाशा बसु बिटिया देवी के जन्म के बाद से एक्टिंग से दूर हैं। मगर, उनके फैंस के लिए खुशखबरी है। अभिनेत्री करीब छह साल बाद अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरने को तैयार हैं। वे



हंसल मेहता की वेब सीरीज से जुड़ी हैं, जिसकी शूटिंग शुरू हो चुकी है। बिपाशा बसु मशहूर फिल्ममेकर हंसल मेहता की नई सीरीज में एक अहम रोल में नजर आएंगी। अभी तक इस शो के बारे में अधिक जानकारी सामने नहीं आई है। फिलहाल, बस इतना पता चला है कि सनी कौशल और विशाल जेठवा भी इस शो में बिपाशा के साथ नजर आएंगे। सीरीज का नाम अभी तय नहीं है। हंसल मेहता की इस अनटाइटल्ड सीरीज को कश्यप कपूर और राघव राज कक्कड़ ने लिखा है। इसे 'ऑलमाइटी मोशन पिक्चर्स प्रोडक्शंस' के बैनर तले प्रमलीन संधू ने प्रोड्यूस किया है। इस प्रोजेक्ट की शूटिंग पहले ही शुरू हो चुकी है। यह शो प्राइम वीडियो पर आएगा। इसकी कहानी एक छोटे से, गुमनाम शहर की है, जो महाद्वीप की हेरोइन राजधानी बनने की कगार पर है। इसमें सनी कौशल एक ईमानदार पुलिस वाले का किरदार निभा रहे हैं, जो अपनी ईमानदारी और इंसानियत को बचाने की कोशिश करते हुए सिस्टम के अंदर और बाहर की ताकतवर ताकतों से लड़ते हैं'। इस सीरीज के जरिए बिपाशा बसु अपनी बेटी देवी के जन्म के बाद लंबे ब्रेक के बाद एक्टिंग में वापसी कर रही हैं।

दो दिन में बिग बॉस से बाहर हुए नकुल

नई दिल्ली। बिग बॉस 20' में हाल ही में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर नकुल ढुल की वाइल्ड कार्ड एंट्री हुई थी। मगर उनका सफर घर में एक हफ्ते भी नहीं चल सका। सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि उन्हें दो ही दिन में बेघर कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर चल रही खबरों के अनुसार उन्होंने बिग बॉस का एक सख्त नियम तोड़ा है। नकुल ढुल 'बिग बॉस 20' को घर से बेघर कर दिया गया है। एक्स हैंडल 'बिग बॉस तक' के मुताबिक नकुल के घर में दाखिल होने के दूसरे दिन ही उनका एविक्शन हो चुका है। इस रिपोर्ट के मुताबिक नकुल जिन्हें 'मिट्ठू डॉन' के नाम से भी जाना जाता है उनका झगड़ा घर के पुराने प्रतिभागी गुल्लू से हो गया। इसके बाद दोनों में जमकर हाथापाई हो गई। बिग बॉस के मुख्य नियम को तोड़ने के लिए कथित तौर पर नकुल ढुल को बाहर कर दिया गया। इस रिपोर्ट में बताया गया कि नकुल और काजी तौकीर आपस में बात कर रहे थे। इस दौरान काजी, स्काउट का मजाक उड़ाने लगे। यह बात नकुल को पसंद नहीं आई। इसके बाद नकुल और स्काउट की काजी से बहस हो गई। वहां मौजूद गुल्लू ने इस मामले को शांत कराने की कोशिश की तो नकुल नाराज हो गए।



देवराहा बाबा की कहानी बड़े पर्दे पर 'मचान बाबा' का पोस्टर रिलीज

नई दिल्ली। भारतीय आध्यात्मिक परंपरा और संतों के जीवन से जुड़ी कहानियां इन दिनों सिनेमा में नई जगह बना रही हैं। नीब करौरी बाबा से प्रेरित फिल्म 'हनुमान अंश' की सफलता के बाद अब देश के सबसे रहस्यमयी संतों में गिने जाने वाले देवराहा बाबा की कहानी बड़े पर्दे पर आने जा रही है। फिल्म का नाम 'मचान बाबा' है। मेकर्स ने इसका टाइटल पोस्टर जारी कर दिया है। फिल्म फिलहाल रिसर्च और प्री-प्रोडक्शन के दौर में है और इसे 2027 में रिलीज करने की तैयारी है। देवराहा बाबा की पहचान उनके मचान से जुड़ी थी। वह नदी किनारे जमीन से कई फीट ऊपर बने मचान पर रहते और वहीं से श्रद्धालुओं से मिलते थे। लेकिन उनकी जिंदगी का सबसे बड़ा रहस्य उनकी उम्र को लेकर रहा। बाबा कितने वर्ष जीवित रहे, इसे लेकर अलग-अलग दावे और जनश्रुतियां मौजूद हैं। लेखक अभिजीत सेन ने भी अपनी पुस्तक में देवराहा बाबा की असाधारण दीर्घायु से जुड़े विभिन्न विवरणों और स्मृतियों की पड़ताल की है। कुछ कथाओं में उनकी आयु 500 वर्ष से भी अधिक होने तक के दावे किए गए हैं, हालांकि इसका कोई सर्वमान्य ऐतिहासिक प्रमाण उपलब्ध नहीं है। देवराहा बाबा के बारे में सबसे दिलचस्प बात यह भी है कि उनके साथ अलग-अलग दौर की कई बड़ी राजनीतिक हस्तियों के प्रसंग जुड़े हैं। ब्रिटिश सम्राट जॉर्ज पंचम की 1911 में बाबा से मुलाकात का दावा पुराने विवरणों में मिलता है। 2009 में संसद में हुई चर्चा के दौरान भी इस प्रसंग का उल्लेख किया गया था। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की देवराहा बाबा से मुलाकात और उनके आशीर्वाद से जुड़ी कहानी भी काफी चर्चित रही है। इसी तरह 1989 में राम मंदिर शिलान्यास से पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की बाबा से हुई मुलाकात का उल्लेख विभिन्न संस्मरणों में मिलता है।



'गणेशः डस्ट टू स्टारडस्ट' में दिखेगी कोरियोग्राफर की जिंदगी की कहानी

नई दिल्ली। कोरियोग्राफर-फिल्ममेकर गणेश आचार्य ने रविवार को अपनी आने वाली फिल्म 'गणेश डस्ट टू स्टारडस्ट' का ट्रेलर जारी किया। यह एक बायोग्राफिकल ड्रामा है जो एक साधारण शुरुआत से लेकर हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने कोरियोग्राफर बनने तक के उनके सफर को दिखाता है। आचार्य द्वारा लिखी और निर्देशित यह फिल्म, सिनेमा की दुनिया में अपनी पहचान बनाने के उनके सपने को पूरा करने के दौरान किए गए संघर्ष, त्याग और दृढ़ संकल्प की कहानी है। यह फिल्म इंडस्ट्री में उनके आगे बढ़ने के सफर को दिखाती है और उन चुनौतियों को भी उजागर करती है जिनका उन्होंने रास्ते में सामना किया। गणेश आचार्य की जिंदगी पर बनी फिल्म का ट्रेलर काफी दमदार और इमोशनल है। अक्षय कुमार और अजय देवगन ने भी इस ट्रेलर को अपने-अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। ट्रेलर में उनके संघर्ष, मेहनत और सफलता की कहानी को दिखाया गया है। जिसमें कम उम्र में उनके पिता का निधन, आर्थिक तंगी, कम उम्र में कमाई और फिर 12 साल की उम्र में डांस की फील्ड में करियर बनाने की जिद दिखाई गई है। दर्शकों को ट्रेलर काफी पसंद आ रहा है। ट्रेलर कोरियोग्राफर के पर्सनल और प्रोफेशनल सफर की एक झलक दिखाता है, जिसमें डांस और भावुक पल कहानी का अहम हिस्सा हैं। शिवांशु सोनी, आलोक शॉ, सुकन्या कलान और साक्षी पावस्कर अभिनीत यह फिल्म 11 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। आचार्य ने एक बयान में कहा, 'मेरा हमेशा से मानना रहा है कि हर किसी को सपने देखने का अधिकार है, लेकिन सिर्फ सपने देखने से वे सच नहीं होते। आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ती है, त्याग करना पड़ता है और आगे बढ़ते रहना पड़ता है, चाहे सफर कितना भी मुश्किल क्यों न हो। 'गणेश डस्ट टू स्टारडस्ट' के जरिए हमने इसी भावना को जीवंत करने की कोशिश की है'।



मनोरंजन के शौकीनों के लिए खास रहेगा यह सप्ताह

ओटीटी पर दस्तक देंगी ये धमाकेदार फिल्में और सीरीज

नई दिल्ली। *नए सप्ताह के साथ नई फिल्मों और सीरीज का इंतजार भी शुरू हो जाता है। थिएटर्स में यामी गौतम की नई नवेली और राजकुमार राव की प्रहार आएंगी। वहीं, ओटीटी पर भी मनोरंजन की अच्छी डोज मिलने वाली है।*

द ट्रैप : यह जर्मन साइकोलॉजिकल थ्रिलर सीरीज है। छह एपिसोड की लिमिटेड सीरीज 13 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। यह सीरीज लेखिका मेलानी राबे के बेस्टसेलिंग उपन्यास पर आधारित है। लेखिका अपनी बहन की हत्या के बाद पिछले 10 वर्षों से घर से बाहर नहीं निकली है। एक दिन उसे टीवी पर एक ऐसा शख्स दिखाई देता है, जिसे देखकर उसे लगता है कि वही उसकी बहन का हत्यारा है। वह सच्चाई सामने लाने के लिए एक जोखिम भरी योजना बनाती है।

कॉफी विद करण सीजन 9 : निर्माता-निर्देशक का चर्चित शो 'कॉफी विद करण' का नौवां सीजन इस वीक रिलीज होगा। यह सीजन आखिरी भी है। यह सेलिब्रिटी टॉक शो है। इसमें करण जौहर इंडस्ट्री के सितारों के साथ दिलचस्प बातें करते हैं और कई अनसुने किस्से बाहर आते हैं। 14 अक्टूबर से 'कॉफी विद करण सीजन 9' को दर्शक जियो हॉटस्टार पर देख सकेंगे।



इंडियन आइडियल लीजेंड्स रिटर्न

चर्चित सिंगिंग रियलिटी शो के पिछले सीजन के मशहूर सिंगर्स इसमें नजर आएंगे जो सिंगिंग मुकाबले में हिस्सा लेंगे। इस शो के जज होंगे हिमेश रेशमिया। वहीं, अभिजीत सावंत, सलमान अली समेत कई पूर्व प्रतियोगी इस शो में नजर आएंगे। इसका प्रीमियर एपिसोड 17 अक्टूबर को आएगा। वहीं, हर शनिवार और रविवार को रात आठ बजे यह शो प्रसारित होगा। इसे सोनी पर देख सकेंगे।

विजन क्वेस्ट : यह मार्वल की सुपरहीरो एक्शन सीरीज है। दर्शक इसे 14 अक्टूबर 2026 से जियोहॉटस्टार पर देख सकते हैं। हालांकि, स्पष्ट कर दें कि 14 अक्टूबर को इसका पहला और दूसरा एपिसोड स्ट्रीम होगा। यह सीरीज हिंदी, अंग्रेजी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में उपलब्ध होगी।

सैक्रिफाइस : यह एक डार्क कॉमेडी थ्रिलर फिल्म है। इसमें क्रिस इवांस, अन्या टेलर-जॉय और सलमा हायेक अहम भूमिकाओं में हैं। इसे 16 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकता है।

लव इन डिस्गाइज : अगर के-ड्रामा में दिलचस्पी है तो इसे देख सकते हैं। यह एक रोमांटिक थ्रिलर ड्रामा है। इम सिवान, सियोल इन आह, किम जंग ह्यून और येनवू अभिनीत 'लव इन डिस्गाइज' 19 अक्टूबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

खबर संक्षेप

शोभायात्रा के साथ श्रीराम कथा का शुभारंभ



देवरी सारागांव। नवरात्रि के पावन पर्व पर नगर में भक्तिमय माहौल के बीच सिंहवाहिनी दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के शुभारंभ से पूर्व भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी, जिसमें लोगो की भीड़ रही। शोभायात्रा से पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। शोभायात्रा के नगर भ्रमण के पश्चात विधिवत पूजा-अर्चना के साथ श्रीराम कथा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कथा वाचक उद्धव प्रसाद तिवारी, सहडोल वाले, श्रीराम कथा के माध्यम से भगवान श्रीराम के जीवन, आदर्शों, मर्यादा और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश देंगे। श्रीराम के जीवन से जुड़े प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को सत्य, त्याग, सेवा, कर्तव्य और सदाचार की प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम संरक्षक सहस राम कर्ष ने लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि सिंहवाहिनी दुर्गा उत्सव समिति द्वारा नवरात्रि के अवसर पर आयोजित इस राम कथा कार्यक्रम का उद्देश्य नगर में धार्मिक आस्था और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना है। श्रीराम कथा के आयोजन से नगर का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

मोबाइल में नेटवर्क की समस्या, उपभोक्ता परेशान

बिर्रा। जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरहा की बीच बस्ती में लगा मोबाइल टावर पिछले एक माह से खराब पड़ा है। इसके चलते क्षेत्र के उपभोक्ताओं को मोबाइल पर बातचीत करने और इंटरनेट चलाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कंपनी के अधिकारियों-कर्मचारियों और शिकायत नंबर 199 पर कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का निराकरण नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, उपभोक्ताओं को बेहतर मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गांव के बीच बस्ती में मोबाइल टावर स्थापित किया गया है, लेकिन लंबे समय से टावर खराब होने और नेटवर्क की कम रेंज मिलने के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीण पिंटू साहू सहित अन्य उपभोक्ताओं ने बताया कि शिकायत के बाद भी कंपनी द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नेटवर्क की समस्या से परेशान कई उपभोक्ता अब अपना सिम अन्य कंपनियों में पोर्ट कराने लगे हैं। ग्रामीणों ने कंपनी से टावर की खराबी दूर कर नेटवर्क व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

निर्माणाधीन कंपोजिट बिल्डिंग बन रही जिले की उल्लेखनीय प्रशासनिक पहल



सक्ती। नवीन जिला सक्ती को बेहतर प्रशासनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला मुख्यालय सक्ती में संयुक्त जिला कार्यालय भवन (कंपोजिट बिल्डिंग) का निर्माण कार्य प्रगतिरत है। 1466.59 लाख रुपए की लागत से बनने वाला यह भवन जिले की प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने के साथ ही आम नागरिकों को बेहतर, सुगम एवं सुविधाजनक शासकीय सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कंपोजिट बिल्डिंग के निर्माण से विभिन्न शासकीय कार्यालयों एवं विभागीय गतिविधियों को एक सुव्यवस्थित परिसर में संचालित करने में सुविधा होगी। इससे आम नागरिकों को अलग-अलग कार्यालयों में जाने के लिए अनावश्यक समय एवं संसाधन खर्च नहीं करना पड़ेगा। विभिन्न शासकीय योजनाओं, प्रमाण-पत्रों एवं विभागीय सेवाओं से संबंधित कार्यों के लिए नागरिकों को एक ही परिसर में अधिक सुविधाजनक पहुंच मिल सकेगी। यह पहल प्रशासन और आम नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा शासकीय सेवाओं को सरल, सुगम, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। लोक निर्माण विभाग सक्ती संभाग सक्ती के कार्यपालन अभियंता आर. के. खाम्भरा ने बताया कि प्रशासन का उद्देश्य केवल अधोसंरचना का निर्माण करना ही नहीं, बल्कि नागरिकों को सरल, सुगम, पारदर्शी एवं समयबद्ध शासकीय सेवाएं उपलब्ध कराना भी है। कंपोजिट बिल्डिंग के निर्माण के दौरान इंजीनियरों एवं अनुभागीय अधिकारियों सहित सतत निरीक्षण किया जा रहा है तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण कराने के लिए अनुबंधित एजेंसी को लगातार निर्देश दिए जा रहे हैं। संयुक्त जिला कार्यालय भवन के पूर्ण होने के पश्चात कार्यालयीन कार्यों में बेहतर समन्वय, नागरिक सुविधाओं में वृद्धि तथा प्रशासनिक कार्यों में सुगमता आने की उम्मीद है। नवीन जिला सक्ती की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार की अधोसंरचनात्मक परियोजनाएं जिले के दीर्घकालीन विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं।

अग्रवाल सेवा संघ ने मनाई मनाई अग्र कुल शिरोमणि महाराज अग्रसेन की जयंती

सामाजिक विकास के लिए आपसी एकजुटता जरुरी : अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय अग्रवाल सेवा संघ के तत्वाधान में अग्र वंश संस्थापक महाराज अग्रसेन की 2150 वीं जयंती रविवार 11 अक्टूबर को धूमधाम से उल्लासपूर्वक मनाई गयी। इस दिन अपरान्ह 4 बजे से स्टेशन रोड स्थित ओम सिटी परिसर से बाजे गाजे और कर्मा नर्तक़ दल के साथ महाराज अग्रसेन जी की भव्य एवं विशाल शोभायात्रा श्रीराम मंगलम भवन तक निकाली गयी जहाँ रात्रि 8 बजे से अग्रसेन जयंती समारोह का आयोजन किया गया।

जयंती समारोह 2026 के मुख्य अतिथि रायगढ़ के सुप्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी राकेश अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि रायगढ़ के वरिष्ठ समाजसेवी एवं उद्योगपति बजरंगलाल अग्रवाल, चाम्पा के एस डी ओ पी लोकेश बंसल और रायगढ़ के ही कमल अग्रवाल थे। अतिथियों ने सर्वप्रथम आरती की थाल सजाओ स्पर्धा के विजेताओं का चयन किया। इसके बाद प्रथम विजेता के थाल से महाराज अग्रसेन तथा माता लक्ष्मी जी की आरती के साथ ही गंगा आरती की तर्ज पर दोनों की महा आरती की गयी। तत्पश्चात सभी अतिथियों सहित संघ के संरक्षक गण को मंचस्थ कराया गया। इसके बाद सभी का पारम्परिक स्वागत किया गया। तत्पश्चात संघ के अध्यक्ष विष्णु मोदी ने मंचस्थ अतिथियों और संरक्षक गण का अपने स्वागत भाषण में सम्मान करते हुए समाज के लोगों से एकजुटता बनाये रखकर समाज के हित में समय निकालने का अनुरोध किया। रमन अग्रवाल द्वारा पारम्परिक परिचय दिये जाने के बाद मुख्य अतिथि राकेश अग्रवाल ने सभी अग्रबंधुओं से सामाजिक विकास के लिए एकजुटता से कार्य करने का आव्हान किया। उन्होंने रायगढ़ में अग्रोहा धाम निर्माण से जुड़ी जानकारी साझा करते हुए चाम्पा में चार मंजिला सर्वसुविधायुक्त अग्रसेन भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर होने पर प्रसन्नता जाहिर की। अग्रवाल ने नगर के अग्रसेन भवन के निर्माण में अपनी ओर से भी सहभागिता प्रदान करने का भरोसा दिलाया। विशिष्ट अतिथि बजरंगलाल अग्रवाल का पारम्परिक जीवन परिचय अर्पित अग्रवाल एवं लोकेश बंसल का पारम्परिक जीवन परिचय ऋचा अग्रवाल ने प्रस्तुत किया। दोनों विशिष्ट अतिथियों के अलावा समारोह को अति विशिष्ट अतिथि रायगढ़ से ही आये कमल अग्रवाल ने सम्बोधित करते हुए समाज के लोगों से महाराज अग्रसेन जी द्वारा बताये आदर्शों पर चलने और एकजुटता के साथ कार्य करने की अपील की। अग्रसेन भवन निर्माण समिति चाम्पा के अध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल ने भवन निर्माण से जुड़ी जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि नगर में चार मंजिला सर्वसुविधायुक्त अग्रसेन भवन का निर्माण प्रगति पर हैं जिसमें बेसमेंट पार्किंग के अतिरिक्त 3500 फ़ीट का हॉल निर्माण कराया जा रहा हैं। इस दौरान समाज के वरिष्ठ नागरिक बद्री अग्रवाल, शिव मोदी, मिठ्ठूलाल मोदी, रामू मोदी तथा हजारी लाल अग्रवाल का सम्मान शाल और श्रीफल भेंटकर किया गया। अतिथियों ने अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में 4 अक्टूबर से प्रारम्भ विविध स्पर्धाओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। समारोह के दौरान ही विशिष्ट अतिथि एस डी ओ पी लोकेश बंसल के साथ आयी उनकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रीति बंसल का अग्रवाल महिला मंडल चाम्पा की ओर से सम्मान किया गया। अंत में रात्रि सह भोज के साथ ही समारोह संपन्न हुआ। समारोह का संचालन अंकित मोदी ने तथा अंत में आभार प्रदर्शन जयंती समारोह के प्रभारी मनोज अग्रवाल पिंटू ने किया। इस मौके पर संघ के संरक्षक बजरंग डिडवानिया, बजरंग अग्रवाल, पवन मोदी, रामनारायण मोदी, अनिल मोदी, मोहन मित्तल, विनोद अग्रवाल. राम अवतार मित्तल, जगदीश मोदी, मनोज मित्तल मोहन मित्तल, अनिल खेतान, विसंभर अग्रवाल, महावीर अग्रबाल, विनोद मोदी के अलावा बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के पुरुष, महिलाएं और बच्चे मौजूद थे।



अग्रसेन जयंती समारोह में मंचस्थ अतिथिगण व संरक्षकगण

धूमधाम से निकली अग्रसेन महाराज की शोभायात्रा, मार्ग में जगह जगह हुआ स्वागत



स्थानीय अग्रवाल सेवा संघ के तत्वाधान में आयोजित अग्रसेन जयंती समारोह 2026 के पूर्व रविवार 11 अक्टूबर को अपरान्ह 4 बजे स्टेशन रोड स्थित ओम सिटी परिसर से बाजे गाजे और कर्मा नर्त क दल के साथ महाराज अग्रसेन जी की भव्य तथा विशाल शोभायात्रा श्रीराम मंगलम भवन तक निकाली गयी। शोभायात्रा का शुभारंभ महाराज अग्रसेन जी की आरती कर किया गया। महाराज अग्रसेन जी का जयघोष करते हुए विशाल शोभायात्रा में अग्र समाज के लोग अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर निर्धारित ड्रेस कोड में शामिल हुए। शोभायात्रा लायंस चौक, परशुराम चौक, कदम्ब चौक, समलाई चौक, सदर बाजार, राधाकृष्ण मंदिर चौक, डोंगाघाट चौक, बजरंग छबिगृह, मोदी चौक, श्रीकृष्ण गौशाला होकर समारोह स्थल श्रीराम मंगलम भवन पहुंचकर समारोह के रूप में परिवर्तित हो गयी. मार्ग में अनेक स्थानों पर मारवाड़ी युवा मंच परिवार, प्रहलाद मोदी परिवार, जोखीराम बिरदीचंद जालान परिवार, गोयल परिवार द्वारा शर्बत, ड्राई फ्रूट्स, जूस बिस्किट्स, अल्पाहार आदि से शोभायात्रा में शामिल अग्र समाज का आत्मीय स्वागत किया गया। शोभायात्रा में प्रमुख रूप से अग्रवाल सेवा संघ के अध्यक्ष विष्णु मोदी, सचिव राज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्याम अग्रवाल सहित संरक्षक राजेश अग्रवाल, रामनारायण मोदी, मोहन मित्तल, विनोद मोदी, विनोद अग्रवाल, अनिल मोदी, अनिल खेतान, सुनील अग्रवाल भांचा, मनोज अग्रवाल, अंकित मोदी, अविनाश मुरारका, अंशुमन के मुरारका, प्रकाश अग्रवाल गोपाल मित्तल, नारायण मित्तल, पीताम्बर अग्रवाल, कौशल अग्रबाल, मुकेश बंसल, शैलेश बाजोरिया, घनश्याम मोदी, गणेश मोदी, गुलाब मोदी, आकाश अग्रवाल, शरद अग्रवाल, अनुपम अग्रवाल अलावा बड़ी संख्या में अग्र समाज के पुरुष, महिलाएं और युवक युवतियों सहित बच्चे शामिल थे।

वार्ड क्रमांक-3 में नाली निर्माण का भूमिपूजन नागरिकों को जलभराव से मिलेगी मुक्ति

नया बाराद्वार। नगर पंचायत नया बाराद्वार के वार्ड क्रमांक 3 में 4 लाख की लागत से होने वाले नाली निर्माण कार्य का विधि-विधान से भूमिपूजन किया गया। इस निर्माण कार्य के पूरा होने से स्थानीय निवासियों को जलभराव और गंदगी की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण कुर्रे, उपाध्यक्ष जितेश शर्मा, वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद अजय सिंह राजपूत और वार्ड क्रमांक 03 के पार्षदपति हेमंत साहू सहित नगर के अन्य गणमान्य नागरिक और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण कुर्रे ने कहा कि वार्डवासियों की मांग को देखते हुए इस नाली निर्माण की स्वीकृति दी गई थी, जिसका आज शुभारंभ हो गया है। उन्होंने ठेकेदार को निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने और इसे समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। वार्ड पार्षदपति हेमंत साहू ने इस विकास कार्य के लिए नगर पंचायत की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वार्ड के अनेक नागरिक उपस्थित थे, जिन्होंने विकास कार्य शुरू होने पर खुशी जताई।



कांग्रेस सांसद पर लगे आरोपों के विरोध में महिला मोर्चा ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भारतीय जनता महिला मोर्चा ने "नारी का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान" के बुलंद नारे के साथ कचहरी चौक पर विरोध प्रदर्शन किया। जेएनयू में मणिपुर के कांग्रेस सांसद पर छात्राओं के साथ यौन दुर्व्यवहार के लगे आरोपों के विरोध में आयोजित इस प्रदर्शन में महिला मोर्चा की पदाधिकारियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने आक्रोश व्यक्त करते हुए महिलाओं के सम्मान, गरिमा और सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

■ महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा का मुद्दा उठाया

प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती विभा अवस्थी के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष श्रीमती संतोषी सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रदर्शन के माध्यम से महिला सम्मान के मुद्दे पर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया और संबंधित आरोपों की निष्पक्ष जांच तथा दोष सिद्ध होने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की मांग उठाई गई। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, भाजपा जिला अध्यक्ष अंबेश जांगड़े, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला महिला मोर्चा प्रभारी पुनीता डहरिया, जिला सह-प्रभारी विभा गौरहा, प्रदेश उपाध्यक्ष मीरा मिहिर पतकी सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रदर्शन में गुलाब सिंह चंदेल, अमर सुल्तानिया, जिला महामंत्री नंदिनी राजवाड़े, नंद चौधरी, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, रवि पाण्डेय, आशुतोष गोस्वामी, विकास शर्मा, जिला पंचायत सभापति प्रियंका सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष रेखा गढ़वाल, उमा सोनी, संगीता पाण्डेय, संतोषी दुबे, राकेश रूपवानी, डॉ. धनेश्वरी जागृति, सुनीता सिंह, राजेश्वर पाटले, प्रतिमा डेहरे, संजीता माली, हितेश यादव, पुष्पेंद्र निर्मलकर सहित भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।



कचहरी चौक में विरोध प्रदर्शन करते पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

ममता अंतर्विश्वविद्यालय स्तर के लिए दूसरी बार चयनित

अकलतरा। श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय बनाहिल की छात्रा कु. ममता बंजारे ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में शासकीय जे योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय, रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय महिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता में कु. ममता बंजारे ने जांजगीर सेक्टर का प्रतिनिधित्व करते हुए बेहद शानदार और दमदार प्रदर्शन किया और अंतर्विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए अपना चयन सुनिश्चित कर लिया है।अब कु. ममता बंजारे आगामी 26 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक नागालैंड विश्वविद्यालय, नागालैंड में आयोजित होने वाली विश्वविद्यालय स्तरीय महिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता में शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह ममता के लिए गौरव का दूसरा अवसर है। गत वर्ष भी उन्होंने विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ का प्रतिनिधित्व किया था इस गौरवमयी उपलब्धि पर संस्था संचालक डॉ. जय कुमार जैन, प्राचार्य डॉ. शिखा सिंह, क्रीड़ा प्रभारी राहुल राठौर एवं समस्त महाविद्यालय परिवार ने कु. ममता बंजारे को बधाई दी है और विश्वास व्यक्त किया है कि वे इस बार भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर आगे के चरण के लिए चयनित होंगी।



निःशुल्क आयुर्वेदिक शिविर में उमड़े मरीज, लोगों ने कराया नाड़ी परीक्षण

अकलतरा। जैन समाज अकलतरा के तत्वावधान में जैन भवन में आयोजित दो दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर में पहले दिन सैकड़ों मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया और चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। पूर्णायु आयुर्वेद एवं शांतिधारा के सहयोग से आयोजित शिविर में अनुभवी आयुर्वेद चिकित्सकों एवं वैद्यों ने नाड़ी परीक्षण कर मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी।

इस दौरान निःशुल्क जड़ी-बूटियों, आयुर्वेदिक औषधियों एवं काढ़े का वितरण भी किया गया। पंचकर्म एवं एक्यूप्रेशर पद्धति से संबंधित सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं।शिविर का आयोजन आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज एवं आचार्य श्री 108 समय सागर महाराज के मंगल आशीर्वाद तथा निर्यापक श्रमण मुनि श्री 108 प्रसाद सागर महाराज एवं मुनि श्री 108 शीतल सागर महाराज के मंगल आशीर्वाद से किया गया। शुभारंभ अवसर पर मुनिश्री ने आयुर्वेद चिकित्सा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।शिविर में डॉ. पारस इंदौर, डॉ. रामा वैद्य चांदपुर, डॉ. पारुल कोतमा, नाड़ी वैद्य टिंकल नागपुर, वैद्य लिकेश दिल्ली, ब्रह्मचारी मनीष एवं ब्रह्मचारी आशीष पूर्णायु, डॉ. शिल्पी भोपाल, डॉ. शैलेश भोपाल तथा अकलतरा के आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.के. चौहान सहित आयुर्वेद चिकित्सा विभाग की टीम ने सेवाएं दीं। इस अवसर पर महावीर शिक्षण समिति के अध्यक्ष अरविंद जैन, सचिव वीरेंद्र जैन, विनीता जैन, जैन समाज के अध्यक्ष राजेश जैन, उपाध्यक्ष श्रीजीत जैन, सचिव रूपेश जैन, कोषाध्यक्ष सुबोध जैन, सहसचिव राजा जैन एवं सुशील जैन सहित समाज के सदस्य उपस्थित रहे। शिविर के आयोजन में राजू जैन, कमल जैन, आनंद जैन, हर्ष जैन, गीतेश जैन, तनीष जैन, बिशु जैन, अनिकेत जैन, छोटू जैन, वर्षा जैन, पिंकी जैन एवं प्रज्ञा जैन सहित जैन महिला मंडल के सदस्यों का सहयोग रहा। जैन समाज के अध्यक्ष राजेश जैन एवं उपाध्यक्ष श्रीजीत जैन ने बताया कि शिविर का समापन 14 अक्टूबर को शाम 5 बजे होगा।



गौरवपथ पर पसरा अंधेरा, आवारा मवेशियों से हादसे का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर जहां पूरा शहर रोशनी से जगमगा रहा है, वहीं चांपा नगर का सबसे प्रमुख और व्यस्ततम गौरवपथ मार्ग एक सप्ताह से घने अंधेरे में डूबा हुआ है। खराब स्ट्रीट लाइटों और सड़क के बीचों-बीच बैठे आवारा मवेशियों के कारण इस मार्ग पर हर पल गंभीर हादसे की आशंका बनी हुई है।

रात के अंधेरे में सड़क पर बैठे पशु नजर नहीं आते हैं। कई मोटर साईकिल सवार मवेसियों से टकराकर गिर चुके हैं। मोटर साईकिल सवार सड़क में बैठे मवेशियों को चोटें आ चुकी है। इस मार्ग पर नगरपालिका का कार्यालय हैं। पालिका कर्मचारी व अधिकारी का यहां से रोज जाना है सभी इस समस्या से अच्छी तरह वाकिफ है। इसके बाद भी स्ट्रीट लाइट को सुधार करने का प्रयास नहीं किया जा रहा हैं। बरसात के समय से खराब पड़ी लाइटों की सुध न लेने से रात में दुपहिया वाहन चालकों को केवल हेडलाइट के भरोसे रेंगना पड़ रहा है। गौरवपथ मार्ग सीधा और चौड़ा होने से रात में वाहन तेज रफ्तार से गुजरते हैं, ऐसे में अंधेरे में सड़क पर बैठे मवेशी दिखाई नहीं देते। इस मार्ग पर पहले भी कई गंभीर हादसे हो चुके हैं।व्यस्ततम मार्ग पर खतरा दोगुनायह मार्ग केवल शहर का प्रमुख मार्ग नहीं है, बल्कि इसी रूट पर कई बड़े निजी अस्पताल, शासकीय कार्यालय, सार्वजनिक गार्डन, बस स्टैंड संचालित हैं। यहां देर रात तक चांपा सहित जांजगीर, नैला, कोरबा और ग्रामीण क्षेत्रों से आने-जाने वालों की भारी चहल-पहल रहती है। नवरात्रि के चलते इन दिनों सपरिवार देवी दर्शन के लिए निकलने वालों की भीड़ से खतरा और बढ़ गया है।



मार्ग में छाया अंधेरा व सड़क पर बैठे मवेशी।

बनारी के मनका दाई मंदिर में चल रही देवी भागवत कथा सुनने बड़ी संख्या में पहुंचे रहे श्रद्धालु

सनातन में छह रूपों में होती है परमेश्वर की उपासना: पांडेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-बनारी

ग्राम बनारी के मनका दाई मंदिर में चल रही देवी भागवत कथा के दूसरे दिन व्यास आचार्य मनोज पांडेय ने छह रूपों में ईश्वर की उपासना का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में परमेश्वर की छह रूपों में आराधना होती है। भगवान आदि शंकराचार्य को षण्मत संस्थापक माना जाता है। उनके अनुसार शिव, शक्ति, गणेश, सूर्य, विष्णु और निर्गुण निराकार ब्रह्म ये छह उपास्य रूप हैं।

वेद, पुराण, रामायण, महाभारत और आगमों में इनके रहस्य और चरित्र का विस्तार से वर्णन है। कहीं-कहीं श्रेष्ठता कनिष्ठता की बात उपासक की निष्ठा दृढ़ करने के लिए है, तत्वतः इनमें अभेद ही है। आचार्य ने बताया कि भगवान विष्णु ने कहा है कि गणेश मेरा ज्ञान है, सूर्य मेरे नेत्र हैं, शिव मेरी आत्मा हैं और आद्या भगवती मेरी शक्ति हैं। जो भेद बुद्धि से भजन करते हैं, वे मंद मुझे अंगहीन समझते हैं। इन छह रूपों में निर्गुण निराकार ब्रह्म ज्ञानगम्य है और शेष पांच सगुण साकार हैं। इनमें शक्ति अन्यतम हैं, जिनकी गायत्री, भुवनेश्वरी, काली, तारा, बगला, षोडशी, त्रिपुरा, धूमावती, मातंगी, कमला, पद्मावती, दुर्गा आदि विविध रूपों में उपासना होती है। इस दौरान उन्होंने व्यास जी और शुकदेव जी के जन्म की कथा, शांतनु से लेकर परीक्षित तक कौरव पांडवों की कथा, नवरात्र विधि और श्रीराम जी की कथा का श्रवण कराया।



उपस्थित श्रद्धालुओं को कथा सुनाते आचार्य मनोज पांडेय।

